सीएसआईआर- केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान)

सं.SO/E-III/Misc./2020-कोविड

दिनांक: 05.05.2021

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- कोरोना संक्रमण के तेज रफ्तार से प्रसार को देखते हुए इसके प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु अतिरिक्त दिशा-निर्देश के संबंध में।

संदर्भ: राजस्थान सरकार द्वारा जारी आदेश सं. क्रमांक प.7(1)गृह-7/2021 दिनांक 30.04.2021

उपर्युक्त विषय पर भारत सरकार के आदेश संख्या 40-3/2020-डीएम-I(ए) दिनांक 29.04.2021 के अनुसार कोविड-19 मामलों की तेजी से हो रही वृद्धि को देखते हुए सभी राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों को सख्त कोविड प्रबंधन और निरंतर उपायों पर विचार करने की सलाह दी है।

यथानुसार, राजस्थान सरकार ने अपने आदेश क्रमांक प.7(1)गृह-7/2021 दिनांक 30.04.2021 के अनुसार महामारी के प्रसार की श्रृंखला को प्रभावी ढंग से तोड़ने के मध्य नजर दिनांक 03.05.2021 सोमवार प्रात: 05:00 बजे से दिनांक 17.05.2021 सोमवार प्रात: 05:00 बजे तक महामारी रेड अलर्ट - जन अनुशासन पखवाडा घोषित किया गया है।

उपर्युक्त के मध्य नजर व उक्त आदेशों की कड़ाई से अनुपालना करने हेतु निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने निम्नानुसार निर्णय लिए है :

1. संस्थान दिनांक 14.05.2021 तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा है तथापि सभी अधिकारी / कर्मचारी टेलिफोन पर अपने - अपने घरों से उपलब्ध रहेंगे जिन्हें आपातकालीन कार्य हेतु उनके विभागाध्यक्ष / प्रभागाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष द्वारा बुलाया जा सकेगा।
2. संस्थान के अत्यावश्यक कार्य जैसे कि डाक सेवाएं, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सुरक्षा, सफाई व वेतन/भुगतान तथा अन्य समयबद्ध भुगतान आदि के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों / कर्मचारियों को संस्थान में आने की अनुमति होगी।
3. संस्थान के कॉलोनी परिसर में उचित व्यवस्था व कॉलोनी परिसर स्थित शॉपिंग काम्प्लेक्स के संबंध में राजस्थान सरकार द्वारा जारी आदेश अक्षरश: लागू रहेंगे।

उपरोक्त कार्यालय ज्ञापन निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है तथा यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होंगे।

महेन्द्र सिंह 05/05/2021

(महेन्द्र सिंह)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक/प्रशासनिक अधिकारी के निजी सचिव
2. सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमुखों को ई-मेल के माध्यम से
3. सुरक्षा अधिकारी, सीएसआईआर-सीरी
4. आवासीय चिकित्सा अधिकारी, सीरी डिस्पेंसरी
5. संस्थान के सभी सूचना पट्ट एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स
6. प्रभारी, एनएमसी - इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे सभी की सूचनार्थ संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कर दें
7. संबंधित फाइल